हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार, 28 नवंबर 2024


तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 15.0 डिग्री

14 सीमेंट प्लांट में श्रमिक की मौत पर 22 लाख का दिया...



14 लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ चलाया ...





## खबर संक्षेप

### आंबा कार्यकर्ता एवं सहायिका भर्ती में गड़बड़ी की जांच होगी

**बलौदाबाजार।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रें में हो रहे आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं सहायिका भर्ती में गड़बड़ी की शिकायत कलेक्टर दीपक सोनी से आज जनदर्शन में बड़ी संख्या में आवदेकों के द्वारा किया गया। जिस पर कलेक्टर ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल अपर कलेक्टर अभिषेक गुप्ता की अध्यक्षता में जांच समिति का गठन किया है। समिति के सचिव जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री टी जाटवर को नियुक्त किया गया है। उक्त समिति 7 दिनों में अपनी जांच प्रतिवेदन कलेक्टर को सौंपेगी।

### कलेक्टर ने अपराधी अमर यदु को किया जिला बदर

**बलौदाबाजार।** जिले में वर्तमान कानून व्यवस्था को देखते हुए कलेक्टर दीपक सोनी ने पुलिस प्रशासन से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर अपराधी को जिला बदर के आदेश जारी किया गया है। जिसके तहत ग्राम तरेंगा थाना भाटापारा निवासी अमर यदु उर्फ छोटू पिता मनहरण यदु को जिला बदर किया गया है। उक्त कार्रवाई छत्तीसगढ़ सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3,5 ख के तहत किया गया है। जिसमें 1 वर्ष के कालावधि के लिए बलौदाबाजार एवं उसके सीमावर्ती जिले सारंगढ़– बिलाईगढ़, बिलासपुर, रायपुर, रायगढ़, महासमुंद, मुंगेली, जांजगीर-चांपा, सक्ति एवं बेमेतरा जिलों की सीमाओं से आदेश पारित होने 24 घंटे के भीतर हटने एवं बाहर चले जाने के आदेश दिया गया है।

### अस्पताल ले जाते एक व्यक्ति की मौत

**महासमुंद।** डॉक्टर के इंजेक्शन लगाने से एक व्यक्ति की तबियत बिगड़ने लगी, उसे अस्पताल ले जाया जा रहा था, इसी दौरान उसने दम तोड़ दिया। मामला अक्टूबर 2023 का है। पुलिस मर्ग जांच में जुटी हुई थी जांच के बाद मंगलवार को केस दर्ज कर लिया गया है। थाने में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक, 12 अक्टूबर 2023 को रात में राजाराम साहू पिता प्रभुराम साहू उम्र 36 साल निवासी मनकी की तबीयत खराब हो गई थी। अगले दिन फोन के माध्यम से ग्राम चंदरपूर के रहने वाले बंगाली डॉक्टर मिलन सरकार को बुलाये थे, तब मिलन सरकार के द्वारा राजाराम के घर में आकर उसे इंजेक्शन लगाया गया था। जिसके पश्चात राजाराम की तबीयत अत्यधिक खराब होने से अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। पुलिस ने संपूर्ण मर्ग जांच में प्राप्त साक्ष्य अनुसार मिलन सरकार पिता रामप्रसाद सरकार उम्र 42 साल निवासी चंदरपुर का कृत्य भादवि की धारा 304 तथा छग आयुर्विज्ञान की धारा 24 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आये जाने पर आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया है।

धान खरीदी : विधायक इंद्र साव ने लगाया आरोप और केंद्रों की अव्यवस्था गिनाई

# खरीदी केंद्रों में न छाया न पानी, बरदान संकट से बेहाल किसानों ने 300-400 ग्राम धान की लूट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

विधायक इन्द्र साव ने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न संग्रहण केंद्रों का निरीक्षण करने के पश्चात कहा कि खरीदी केंद्रों में किसानों से सुखत के नाम पर 300 से 400 ग्राम तक अतिरिक्त धान तौला जा रहा है,वही किसान बरदाने के लिए भटकते नजर आए।धान खरीदी केन्द्रों पर पीने के पानी ना कोई व्यवस्था है और ना किसानों के लिए बैठने या सर ढकने के लिए छत है। जिससे किसान वर्ग काफी नाखुश नजर आ रहे है।

किसानों के सुख दुख की सदैव चिंता करने वाले क्षेत्र के विधायक इंद्र साव ने विधानसभा क्षेत्र के निपनिया, मोपका, धनेली, एवं बिटकुली धान संग्रहण केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान लगभग सभी संग्रहण केन्द्र में किसानों को किसी भी प्रकार की सुविधा ना देकर अन्नदाता किसानों के हितों की अनदेखी की जा रही है। ना तो पेयजल की व्यवस्था है और न किसानों के बैठने की व्यवस्था है।



किसानों से सुखत के नाम पर 300 से 400 ग्राम अधिक तौल किए जाने पर विधायक साव ने अपनी नाराजगी जताते हुए सही नाप-तौल करवाने तथा बारदाना की कमी को दूर करने प्रबंधक एवं प्रभारी को निर्देश दिये हैं।

विधायक इंद्र साव ने बताया कि राज्य सरकार वारदाना की कही कोई कमी नहीं बोल कर किसानों को सिर्फ गुमराह कर रही है आज किसान वारदाना के लिए इधर-उधर भटक रहे है। बाजार से 30 रु. में कटा-फटा बारदाना लेने मजबूर है। सरकार द्वारा एकमुश्त 3100 रू. में धान खरीदी का पोस्टर लगा कर 2300 दिया जा रहा है। अंतर की राशि का भुगतान कब होगा इसकी जानकारी किसानों को देनें के लिए कोई भी अधिकारी जवाबदारी लेने को तैयार नहीं है। क्षेत्र के कई संग्रहण केंद्रों में हमालो की कमी होने के कारण किसान को अपना धान बेचने के लिए हमाली का काम भी करने मजबूर होना पड़ रहा है। शिकायत करने पर किसानों की सहमति की बात कही जा रही है और किसानों से सहमति पत्र में हस्ताक्षर लिया जा रहा है कि हम 200 ग्राम या 300 ग्राम ज्यादा धान देंगे । वही उससे ज्यादा धान तौलने की बात प्रबंधक से पूछने पर हमें ऊपर से आदेश है कहा जा रहा है,ये ऊपर से किसका आदेश है,कोई बताने को तैयार नहीं है,जिससे क्षेत्र के किसान अपने को ठगा सा महसूस कर रहे है।

उक्त मौके पर विधायक प्रतिनिधि जीत्तू ठाकुर, कुलेश्वर वर्मा, राजकुमार घृतलहरे,कामता रावत , निलकुमार वर्मा, योगेश पाल, श्रीराम निषाद, धजाराम साहू गुडाघाट, राजकुमार, धृतलहरे मोपका,भुनेश्वर साहू, _खुमेश_ साहू, बसंत मानिकपुरी खपरी चिरंजीवी वर्मा, कुंदन वर्मा दिलहरण वर्मा, हरबंश डेहरी, घनश्याम डेहरी, बिहारी नेमदास मिरि, प्रदीप कोशले, मालिकराम वर्मा , शत्रुहन ध्रुव, सेन निपानिया चेतन निषाद, छत्रपाल ध्रुव, दुलेश साहू, कोमल साहू पासीद विनोद श्रीवास्तव धनेली सहित किसान और ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# संविधान दिवस पर मानव श्रृंखला एकता का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरोरा

संविधान दिवस के अवसर पर शासकीय महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हरीश देवांगन, भरत देवांगन शा.उच्च.माध्य. विद्यालय, खरोरा की गरिमामयी उपस्थिति में मां शारदे और संविधान सभा के अध्यक्ष बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया। श्री देवांगन ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्रत्मक देश है। भारतीय संविधान ने हमें विचारों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्रदान की है। संविधान सभा के अध्यक्ष बाबा भीमराव अंबेडकर के अविस्मरणीय योगदान, समान नागरिक संहिता आदि अनेक पक्षों पर प्रकाश डाला और उन्होंने सभी विद्यार्थियों से संविधान का पालन करने की अपील की।

आर के साहू ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर राष्ट्र की एकता, अखंडता को बनाए रखने का संकल्प दिलाया। प्राचार्य डॉक्टर शम्पा चौबे के निर्देशन में मानव–श्रृंखला बनाकर छात्र–छात्रओं ने राष्ट्र के प्रति एकजुट और अखंडता का संदेश दिया। इस अवसर पर छात्र–छात्रओं ने संविधान दिवस पर रंगोली के माध्यम से अपनी कलात्मक प्रतिभा को प्रदर्शित किया। जिसमें रूपाली साहू प्रथम, प्रेरणा बांधे द्वितीय ताथा मोनिका देवांगन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में तोकेश वर्मा प्रथम गोवर्धन द्वितीय विधि वर्मा ने तृतीय स्थान हासिल किया।

# रासेयो के खैरा शिविर में सफाई अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बगबुडा



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दतान(खैरा) के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने शिविर के चौथे दिवस ग्राम पाहंदा में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम अधिकारी चन्द्र कुमार बंछोर के मार्गदर्शन में ग्राम पाहंदा के गली गली मोहल्ले जाकर स्वच्छता अभियान का संदेश लोगों तक पहुंचाया। पंच यादव एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा स्वयंम सेवकों का समर्थन किया। इस अवसर पर स्वयंम सेवकों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता अभियान का संदेश भी दिया। सात दिवसीय शिविर का मुख्य उद्देश्य नशा मुक्त समाज, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ थीम पर शिविर लगाया गया है। ग्राम पंचायत खैरा(दतान), के सरपंच अमृत देवी यादव एवं पंचो का पुरा सहयोग मिल रहा है। शिविर का समापन 29 नवम्बर को होगा।

# बैराज में अज्ञात लाश मिली, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गिधौरी

गिधौरी शिवरीनारायण महानदी बराज के पास अज्ञात व्यक्ति का डेढ़ बोड़ी मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

गिधौरी पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक महानदी शिवरीनारायण गिधौरी बैराज डेम के नीचे में 26 नवंबर दिन मंगलवार को सुबह एक अज्ञात व्यक्ति की सडी गली स्थिति में लाश मिली है जो गिधौरी शिवरीनारायण बैराज के नीचे मिलने के कारण शिवरीनारायण पुलिस और गिधौरी पुलिस द्वारा बैराज डेम बीच में मिलने के कारण से दोनों जिले के पुलिस असमंजस में रहा और जिसे आखिर कार बलौदाबाजार जिला के गिधौरी टुंडरा थाने में अज्ञात व्यक्ति खिलाफ मर्ग कायम कर जांच में पुलिस जांच में जुटी है पुलिस से प्राप्त जानकारी मुताबिक अज्ञात व्यक्ति की लाश के मर्ग कायम कर लाश को जांच के लिए रायपुर के आंबेडकर अस्पताल लेकर पीएम के लिए ले जाया गया जहां जांच के बाद मृतक के वास्तविक घटना की जानकारी मिल पाएगी गिधौरी पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है ।

# संगीतमय श्री राम कथा वं संत सम्मेलन आज से



हरिभूमि न्यूज ▸▸| गिधौरी

गुरूवार को प्रारंभ होने वाले श्री राम कथा के ब्यासपीठ पर विराजित होने अयोध्या धाम से श्री स्वामी रत्नेश प्रपन्नाचार्य महाराज अपने सहयोगियों सहित शिवरीनारायण मठ पहुंचे। उन्होंने मंच की बनावट एवं साज सज्जा पर प्रसन्नता व्यक्त की । महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज के साथ भगवान शिवरीनारायण के दरबार में उपस्थित होकर दर्शन पूजन करके उन्होंने नवीं शताब्दी से विराजित भगवान चंद्रचूड़ महादेव का भी दर्शन पूजन किया । शिवरीनारायण मठ में 28 नवंबर से 6 दिसंबर तक संगीतमय में श्री राम कथा एवं भव्य संत सम्मेलन का आयोजन रखा गया है। कथा का प्रारंभ सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तथा अपराह्न 3 बजे से शाम 6 बजे तक निर्धारित है। यहां पहुंचने वाले सभी श्रद्धालु भक्तों के लिए निःशुल्क भोजन प्रसाद एवं आवास की व्यवस्था की गई है।






शर्त को नहीं मानने पर परिवहन का विरोध किया जएगा

# बिजराडीह महानदी रेत खदान की जनसुनवाई में मैनुअल पद्धति की वकालत व विकास शर्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भवानीपुर

महानदी में ग्राम मलपुरी बिजराडीह में रेत खदान को लेकर पर्यावरण विभाग जनसुनवाई आयोजित की गई। जिला के प्रशासनिक अधिकारी, पर्यावरण संरक्षण विभाग के विशेषज्ञ और पुलिस बल की मौजूदगी में यह सुनवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। जिसमें बड़ी संख्या में मलपुरी बिजराडीह सहित आसपास के ग्रामीणों ने उपस्थिति दर्ज कराई गई। ग्रामीणों ने रेत खनन से जुड़े मुद्दों पर अपनी चिंताएं और मांगें खुलकर रखीं।

जनसुनवाई के दौरान मलपुरी के ग्रामीणों द्वारा मांग रखी गई कि रेत खनन मैनुअल पद्धति से किया जाए, ताकि पर्यावरणीय संतुलन बना रहे। उन्होंने खनन कार्य को



सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक सीमित रखने और डोगरदेवी मंदिर से 1 किलोमीटर दूर खुदाई करने की शर्त रखी। इसके अलावा, सड़कों का निर्माण, स्थानीय विकास कार्य और ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराने की मांग भी रखी गई। वहीं जनसुनवाई के दौरान बिजराडीह के ग्रामीणो ने रेत परिवहन के लिए गांव के अंदर की मुख्य सड़क का उपयोग करने का विरोध किया। उनका कहना था कि गांव में केवल एक मुख्य मार्ग है, जो पहले से ही भारी वाहनों के दबाव में है। उन्होंने वैकल्पिक सड़क बनाने की मांग की, ताकि गांव के आवागमन पर कोई नकारात्मक प्रभाव न पड़े। ग्रामीणों ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी जातीं, तो वे रेत परिवहन का विरोध करेंगे।

### ग्रामीणो को दिया गया आश्वासन

जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया था, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके। इस अवसर पर एसडीएम सीमा ठाकुर ने कहा कि ग्रामीणों की मांगों को गंभीरता से सुना। अपर कलेक्टर दीप्ति गौते और भूपेंद्र अग्रवाल ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी बातों को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा। पर्यावरण संरक्षण विभाग के श्री राबडे और माइनिंग इंस्पेक्टर ने खनन के पर्यावरणीय प्रभावों को ध्यान में रखते हुए रिपोर्ट तैयार करने का आश्वासन दिया।

# नर्सिंग प्रवेश के लिए चार दिन शेष, जीरो परसेंटाइल से एडमिशन के लिए शासन की हरी झंडी का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

इंडियन नर्सिंग काउंसिल द्वारा एक माह तारीख बढ़ाए जाने के बाद एडमिशन के लिए महज चार दिन शेष हैं। नर्सिंग कालेजों को खाली पड़ी बीएससी नर्सिंग की 4775 सहित अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए राज्य शासन की अनुमति का इंतजार है। आईएनएसी इन खाली सीटों को भरने के लिए जीरो परसेंटाइल का नियम अपनाने के लिए अपनी सहमति दे चुकी है।

राज्य में हर साल की तरह इस बार भी न्यूनतम अंक के प्रावधान की वजह से कई निजी नर्सिंग कालेजों में भारी संख्या में एडमिशन के लिए सीटें खाली बची हैं। इसे लेकर निजी कालेज प्रबंधन काफी चिंतित हैं और वे न्यूनतम अंक का प्रावधान समाप्त कर एडमिशन दिए जाने राज्य शासन की अनुमति का इंतजार कर रहे हैं। पिछले माह चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा भेजे गए पत्र के आधार पर आईएनसी ने पचास प्रतिशत के न्यूनतम अंक को समाप्त कर प्रवेश देने पर अपनी सहमति दी थी। इसके साथ प्रवेश की अंतिम तारीख 30 नवंबर तक बढ़ा दी गई थी। अंतिम तारीख आने में केवल चार दिन शेष हैं, इसलिए कालेज प्रबंधन शासन द्वारा एडमिशन के लिए सहमति देने की आस लगाए बैठे हैं। शासन से इसकी हरी झंडी मिलने के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग अपनी औपचारिकता पूरी करेगा, तो प्रवेश के लिए एक से दो दिन का वक्त मिल जाएगा।

## बीएससी की 4775 सीटें हैं खाली, आईएनसी दे चुकी सहमति

### 35 प्रतिशत सीटों पर एडमिशन

अब तक पूरी की गई काउंसिलिंग की प्रक्रिया में शासकीय और निजी नर्सिंग कालेजों में बीएससी की 7221 सीटें हैं, जिनमें अभी 4775 सीटें एडमिशन के लिए खाली बची हैं। इसी तरह पोस्ट बेसिक, एमएससी नर्सिंग की सीटें भी काफी संख्या में खाली बची हैं। ज्यादातर निजी कालेज बीएससी नर्सिंग का कोर्स संचालित करते हैं, इसलिए उनकी चिंता इन्हीं सीटों पर एडमिशन की ज्यादा है।



### 14 हजार अभ्यर्थी हो जाएंगे पात्र

शासन जीरो परसेंटाइल के आधार पर अगर एडमिशन देने की अनुमति देता है, तो व्यापमं की परीक्षा में शामिल होने वाले 14 हजार से ज्यादा अभ्यर्थी पात्र हो जाएंगे। इससे पर्याप्त संख्या में छात्र मिलने से खाली पड़ी ज्यादातर सीटों में प्रवेश हो जाएगा। पिछले शिक्षण सत्र यानी 2023-24 में नर्सिंग एडमिशन की प्रक्रिया फरवरी अंत तक पूरी की गई थी।

## खबर संक्षेप

### चैंबर ने व्यापारी संघ के नए पदाधिकारियों को किया सम्मानित



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स ने बांबे मार्केट स्थित चैंबर भवन सभागार में रायपुर थोक कपड़ा व्यापारी संघ और गुरुनानक चौक व्यापारी संघ के नए पदाधिकारियों को सम्मानित करने कार्यक्रम का आयोजन किया। चैंबर अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव ने बताया कि चैंबर की ओर से दी रायपुर थोक कपड़ा व्यापारी संघ रायपुर और गुरुनानक चौक व्यापारी संघ के नये पदाधिकारियों को उनके नए कार्यकाल के लिए बधाई दी गई। इन दोनों व्यापारी संगठनों में पूर्व पदाधिकारियों के कार्यकाल समाप्त होने के बाद संघ के सदस्यों द्वारा नये पदाधिकारियों का चयन कर रायपुर थोक कपड़ा व्यापारी संघ के अध्यक्ष पद के लिए सर्वसम्मति से सरल मोदी एवं गुरुनानक चौक व्यापारी संघ, रायपुर से अध्यक्ष महेश जेठानी सचिव पद पर विजय शादीजा को निर्विरोध चुना गया।

### डेयरी कॉलेज में मनाया राष्ट्रीय दुग्ध दिवस




**रायपुर।** दुग्ध विज्ञान एवं खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में राष्ट्रीय दुग्ध दिवस का आयोजन मंगलवार को किया गया। भारतवर्ष में श्वेत क्रांति एवं दुग्ध उद्योग के जनक, डेयरी किसानों को सहकारिता के माध्यम से सीधे उत्पादक और उपभोक्ता को जोड़कर उचित आय, दूध की गुणवत्ता एवं महत्ता प्रतिपादित करने वाले डॉ. वर्गीस कुरियन के जन्मदिवस के अवसर पर राष्ट्रीय दुग्ध दिवस का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के अधिष्ठता डॉ. एके त्रिपाठी ने डॉ. कुरियन की जीवनी, डेयरी के क्षेत्र में उनके प्रयासों एवं उपलब्धियों पर विस्तृत जानकारियां साझा की। कार्यक्रम में संदीप देवांगन, छत्तीसगढ़ प्रांत हेड, अमूल इंडिया ने छात्रों को अपनी गरिमामयी उपस्थिति से उत्साहवर्धन किया। महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सभी छात्रों, कर्मचारियों एवं अधिकारियों को अधिष्ठाता ने संविधान दिवस के अवसर पर सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई व भारतीय संविधान की उद्देशिका का वाचन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रीति भंडारकर ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. केके साण्डे द्वारा किया गया।

### पुरानी रंजिश पर दांत से काटा, केस दर्ज

**रायपुर।** टिकरापारा पुलिस ने दांत से काटने के मामले में अपराध पंजीबद्ध किया है। घटना 25 नवंबर की रात 8 बजे मठपुरैना नहरपार के पास की है। आरोपी कान्हा निर्मलकर एवं महेंद्र निर्मलकर ने पुराने झगड़े की बात पर प्रार्थी धनेश्वर निर्मलकर एवं उसके भाई महेश्वर के साथ विवाद किया। इस दौरान आरोपी ने उसके हाथ को दांत से काट दिया। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के विरुद्ध धारा बीएनएस- 296, 351-2, 115-2, 118-1, 3-5 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

## राजधानी में नौ साल पहले चलाई गई मुहिम ठंडे बस्ते में इसलिए उड़ रहे धुएं के गुबार

# एनजीटी के निर्देशों का पालन नहीं, खुले में कचरा जलाने वालों पर जुर्माना बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नौ साल पहले शहर में खुले स्थानों पर कचरा जलाने वालों के खिलाफ निगम की टीम हर जोन में कार्रवाई करते हुए एनजीटी के आदेश का पालन कराने के लिए मुहिम चला रही थी। इसके लिए निगम ने हर जोन में एक-एक टीम बनाई थी, जो खुले में कचरा जलाने वालों से जुर्माना वसूल करती थी। कुछ दिनों तक मुहिम को मैदानी कर्मचारी भी तवज्जो देने के बाद भूल गए। इसके कारण अब जगह-जगह खुलेआम कचरा जलाने वाले मनमानी करने लगे हैं।

रायपुर निगम सीमा में कार्रवाई के लिए बनाई गई टीम कोविड एक्टिव होते ही शिथिल की गई। इसके बाद से शहर में नियम पालन कराने के लिए बनाई गई व्यवस्था ही नहीं, इसे जमीनी स्तर पर चलाने वाला सिस्टम भी फेल हो गया है। नतीजा यह है कि जगह-जगह खुले में कचरा जलाने में अब सफाई कर्मी भी रुचि लेने लगे हैं। ऐसा इसलिए हो रहा है, क्योंकि वार्डों में सफाई के दौरान निकाले गए कचरे को ले जाने के लिए प्रापर गाड़ी नहीं मिलती। झंझट से बचने सफाई कर्मी भी इसे जला देते हैं। वहीं सड़क के आसपास दुकान सजाने वाले भी कचरा आसपास के खाली स्थानों पर जलाने लगे हैं। इससे शहर की आबोहवा खराब हो रही, वहीं कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी शुरू हो गई हैं। इसके बाद भी मामले में अनदेखी की जा रही है।

### जन भागीदारी और सहयोग से रोक लगाई जा सकती है

लोग निभाएं भागीदारी, करेंगे कार्रवाई अगर निगम सीमा में कोई भी व्यक्ति खुले में कचरा जला रहा, तो उसकी सूचना देने में लोग भागीदारी निभाएं, तो हम कार्रवाई व जुर्माना करेंगे। इसमें जन भागीदारी और सहयोग से रोक लगाई जा सकती है। जोन स्तर पर जुर्माने की प्रक्रिया करने कहा जाएगा।

\- **राजेन्द्र गुप्ता,** अपर आयुक्त, नगर निगम, रायपुर



### प्रदूषण पर रोक लगाने निर्देश

एनजीटी ने प्रदूषण के ग्राफ को कम करने के लिए सभी नगर निगम, नगर पालिका परिषद के साथ ही जिला पंचायत एवं ग्राम पंचायत स्तर पर खुले में कचरा जलाने वालों पर पाबंदी के लिए निर्देश दिया था, ताकि वायु प्रदूषण कम किया जा सके। इसके बाद हरकत में आए रायपुर निगम ने इसका पालन कराने के लिए कोयला जलाने वाले होटलों व ढाबों से लेकर खुले में कचरा जलाने वालों पर भी नकेल कसने के लिए मुहिम चलाई। यह तामझाम करीब दो साल ही चला और इसके बाद अनदेखी की जाने लगी और लोगों में जुर्माने का डर भी खत्म हो गया।

### इन स्थानों पर मिली खामियां

हरिभूमि की टीम ने पड़ताल में पाया कि कैलाश पुरी इलाके में खुले में कचरा जमा करने के बाद उसे आग के हवाले किया गया है। आस -पास के लोगों ने पहचान छिपाने की शर्त पर बताया कि सफाई के लिए आने वाले कर्मचारी उसे जलाते हैं। उनको जलाते हुए देखकर क्षेत्र के लोग घरों से निकलने वाले कचरे को खाली जगह में डालते हैं। लोगों के विरोध से बचने के लिए उसमें आग लगा देते हैं। इस तरह का खेल दूधाधारी मठ क्षेत्र के परशुराम नगर में भी किया जा रहा है। प्रोफेसर कॉलोनी सेक्टर -3 में खुले में कचरा जलाने से धुएं का गुबार देखने को मिला।

# एमडी-एमएम का काउंसिलिंग शेड्यूल संशोधित, राज्य और अभा. कोटे में सप्ताहभर का अंतर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



ऑल इंडिया और राज्य कोटे की एमडी-एमएस सीटों पर एडमिशन तारीख के कारण हो रही दिक्कत से विद्यार्थियों को राहत मिल गई है। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने मंगलवार को प्रवेश का संशोधित शेड्यूल जारी कर दिया है। अब दोनों कोटे से प्रवेश की काउंसिलिंग में सप्ताहभर का अंतर आ गया है।

- चिकित्सा शिक्षा विभाग ने जारी किया नया शेड्यूल, पहला राउंड 30 तक

राज्य कोटे से मेडिकल पीजी की सीटों पर पहले राउंड से एडमिशन की अंतिम तिथि 28 नवंबर है, जिसे बढ़ाकर 30 नवंबर कर दिया गया है। साथ ही दूसरे दौर, मॉपअप राउंड की काउंसिलिंग के लिए पूर्व में तय तारीख को संशोधित किया गया है। नए शेडयूल के तहत अब काउंसिलिंग का सेकेंड राउंड 11 से 24 दिसंबर के बीच पूरा होगा। इसी तरह मॉपअप राउंड 6 से 22 जनवरी के मध्य पूरा किया जाएगा। पूर्व में राज्य कोटे की प्रवेश प्रक्रिया की तारीख अखिल भारतीय कोटे से एडमिशन की तिथि लगभग सामान थी। इसकी वजह से एडमिशन लेने वाले छात्रों को दिक्कत हो रही थी। कई छात्रों को दोनों कोटे से सीटें आवंटित हो गई थीं। वे यह तय नहीं कर पा रहे थे कि एडमिशन की प्रक्रिया किस कोटे के तहत पूरी की जानी चाहिए।

### एनओसी का चक्कर, पढ़ाई से चूक सकते हैं कई डॉक्टर

पीजी की पढ़ाई के मामले में स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों में सेवा देने वाले की चिकित्सा अधिकारी वंचित हो सकते हैं। नियमित रूप से सेवा देने वाले कई डॉक्टरों पीजी की सीट अलॉट हुई है, मगर उन्हें विभाग से अनापत्ति प्रमाणपत्र नहीं मिल रहा है। नियम के मुताबिक, एडमिशन के लिए विभागीय की एनओसी अनिवार्य की गई है। चर्चा है कि पढ़ाई के लिए दस प्रतिशत नियमित डॉक्टरों को एनओसी दिया जाएगा। किन डॉक्टरों को एनओसी मिला है, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है, इसलिए सभी संचालनालय के चक्कर काट रहे हैं। मंत्रालय का चक्कर लगा रहे डॉक्टरों ने चिकित्सा शिक्षा संचालनालय में अपनी आपत्ति दर्ज कराई है। तर्क दिया गया है कि इस बार एनओसी को अनिवार्य किया गया है, जबकि पिछली बार शपथपत्र के भरोसे छह माह का समय देकर प्रवेश दिया गया था। छत्तीसगढ़ डॉक्टर फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ. हीरा सिंह लोधी ने कहा कि नियम की वजह से चिकित्सा अधिकारी, विशेषज्ञ चिकित्सक की पढ़ाई पूरी नहीं कर पाएंगे।

# तेलीबांधा के पार्क स्प्री वॉक में बच्चों और बड़ों के लिए मनोरंजक राइड्स





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर।

राजधानी रायपुर के तेलीबांधा सरोवर परिसर के रिक्रियेशन जोन एरिया में अब पार्क स्प्री वॉक बच्चों व बड़ों के लिए आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है। स्प्री फन वर्स परिसर में 20 नए रोमाचंक राइड्स का शुभारंभ गत दिनों किया गया। वाइल्ड रश एडवेंचर पार्क में ड्रॉप टावर, पेंडलूम, ड्रेगन कोस्टर के साथ बच्चों के मनोरंजन के लिए मेरी गो राउंड झूला लगाया गया है।

- ड्रॉप टावर, पेंडलूम, ड्रेगन कोस्टर, मेरी गोराउंड झूला
- जिप लाइन, जिप साइकिल, जिप रोलर, प्ले स्टेशन भी

स्प्री वाक मरीन ड्राइव में एडवेंचर और एम्यूजमेंट पार्क में जिप लाइन सिंगल वे और डबल वे, जिप रोलर, रोप कोर्स, जंगल राइड के साथ फ्लाइंग कार उपलब्ध कराए गए हैं। बच्चों के मनोरंजन और खेलकूद फ्लाइंग कॉप्टर, ड्रेगन राइड झूले लगाए गए हैं। ईसीएचटी मैनेजमेंट के माध्यम से मेगा एडवेंचर और टूरिज्म हब का स्वरूप देने यह कार्य कराया गया है। कंपनी के डायरेक्टर राजीव सेंगर ने बताया कि पर्यटकों के लिए नई गतिविधियां तेलीबांधा तालाब के आकर्षण को बढ़ाने शुरू की जा रही हैं।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए लगाए पेड़ पौधे

पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए परिसर में पौधारोपण किया गया है, ताकि जनता को मनोरंजन के साथ ही हरियाली भी सहजता से उपलब्ध हो सके। रिक्रियेशन जोन में 100 अलग-अलग प्रजाति के पौधे लगाए गए हैं।


# स्मार्ट मीटर लग रहे, पर कनेक्शन प्रीपैड होने में लगेगा लंबा समय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेशभर में स्मार्ट मीटर लग रहे हैं। आने वाले समय में सभी कनेक्शन प्रीपैड हो जाएंगे। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर इसकी प्रक्रिया प्रारंभ करने वाली है। अब तक पांच लाख से ज्यादा स्मार्ट मीटर लग गए हैं। इतना तय है कि कनेक्शनों को प्रीपैड होने में अभी लंबा समय लगेगा। पहले पॉवर कंपनी का राजस्व विभाग परीक्षण करेगा, इसके बाद इसका प्रस्ताव बनाकर बिजली नियामक आयोग को भेजा जाएगा। वहां से मंजूरी मिलने पर ही कनेक्शन प्रीपैड होंगे। एक सबसे बड़ी बात इसके लिए राज्य सरकार का भी सहमत होना जरूरी है। आने वाले समय में प्रदेश में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव भी होने हैं। प्रदेश सरकार यह भी देखेगी जिन राज्यों में कनेक्शन प्रीपैड किए गए हैं, वहां पर स्थिति क्या है। कहीं कोई ज्यादा परेशानी तो नहीं है।

- पोस्टपैड कनेक्शन समाप्त करने नियामक आयोग को प्रस्ताव भेजकर लेनी होगी मंजूरी

प्रदेश के 65 लाख बिजली उपभोक्ताओं में से 54 लाख के पुराने मीटर बदलकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। अब तक प्रदेश में पांच लाख से ज्यादा मीटर लग गए हैं। इनको लगाने पर ही छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी को चार हजार करोड़ खर्च करना पड़ रहा है।



### सुरक्षा निधि करनी होगी वापस

प्रदेश में जो 65 लाख बिजली उपभोक्ता हैं, उसमें से करीब छह लाख कृषि पंपों के उपभोक्ता हैं। इनमें स्मार्ट मीटर नहीं लगेंगे। इसी के साथ 20 लाख के करीब बीपीएल के उपभोक्ता हैं, इनसे सुरक्षा निधि नहीं ली जाती है। करीब 40 लाख उपभोक्ता जिनकी सुरक्षा निधि जमा है, उनको वापस करनी पड़ेगी। पॉवर कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक हर माह करीब 13 सौ करोड़ के बिल बनते हैं। इसके मुताबिक दो माह के बिल के बराबर सुरक्षा निधि जमा रहती है, वह करीब 26 सौ करोड़ है, लेकिन उद्योगों के मीटर न बदलने के कारण उनकी सुरक्षा निधि वापस नहीं होगी। यह निधि बहुत ज्यादा होती है।

# सरकारी जमीन आवंटन के विरोध में बंद रहा अमलीडीह बाजार, किया धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शासकीय नवीन महाविद्यालय के लिए प्रस्तावित करोड़ों रुपए की शासकीय जमीन को एक बिल्डर को आबंटित करने के विरोध में मंगलवार को अमलीडीह क्षेत्र के रहवासियों ने एक दिवसीय धरना देकर प्रदर्शन किया।

इस मांग के समर्थन में अमलीडीह का पूरा बाजार भी बंद रहा। क्षेत्र के व्यापारियों ने इस आंदोलन के समर्थन में आधे दिन दुकानें बंद रखी। हालांकि बंद का असर इमरजेंसी सेवाओं पर नहीं पड़ा, जिससे मेडिकल, अस्पताल, राशन दुकान, पेट्रोल पंप से लेकर नगर निगम के जोन दफ्तर खुले रहने से आम लोगों के कामकाज भी होते रहे।

अमलीडीह क्षेत्र में पुलिस कालोनी के पीछे करीब 9 एकड़ शासकीय जमीन को एक बिल्डर को आबंटित किया गया है। शासन द्वारा आबंटित किए गए इस आदेश की जानकारी जैसे ही अमलीडीह क्षेत्र के वार्ड की निर्दलीय पार्षद संध्या नानू ठाकुर, पूर्व पार्षद लीलाधर चंद्राकर सहित स्थानीय वासियों को मिली, सभी इसके विरोध में उतर आए। इस मामले में वार्डवासियों ने पार्षद के नेतृत्व में कलेक्टर जनदर्शन में जाकर पहले विरोध जताया और एक दिवसीय आंदोलन करने की घोषणा की। इस घोषणा के तहत केनाल रोड से अमलीडीह जाने वाले मुख्य मार्ग पर वार्डवासियों ने धरना देकर प्रदर्शन किया।






### आंदोलन के समर्थन में बंद रहा बाजार

इस आंदोलन के समर्थन में अमलीडीह क्षेत्र के व्यापारियों ने भी अपना समर्थन देते हुए दुकानें आधे दिन बंद रखीं। कई व्यापारी ऐसे भी थे जिन्होंने दिनभर दुकानें बंद रखीं। इनमें सब्जी, फल, किराना सहित अन्य दुकानों के साथ ठेला-गुमटी भी बंद रहे।

### कॉलेज व खेल मैदान के लिए आरक्षित थी जमीन

पूर्व कांग्रेस शासनकाल में इस जमीन को कॉलेज व खेल मैदान के लिए आरक्षित किया गया था। इस जमीन की अनुमानित लागत करीब 30 करोड़ रुपए बताई जा रही है। शासकीय भूमि खसरा नंबर 233/1 व 233/5 रकबा 3.203 हेक्टेयर भूमि को एक बिल्डर को आवंटित कर दिया गया है। इसी प्रकार खसरा नंबर 233/1 व 233/5 रकबा में से 0.2362 हेक्टेयर भूमि को भी किसी अन्य को आबंटित किया गया है। बाबूलाल पटेल को आबंटित जमीन के मामले में तहसील कार्यालय में केस भी लगा हुआ है, जिस पर फैसला आना बाकी है।

### मुख्यमंत्री एवं राजस्व मंत्री के नाम प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

धरना-प्रदर्शन के दौरान वार्ड वासियों के प्रतिनिधिमंडल ने जमीन का आबंटन निरस्त करने मुख्यमंत्री और राजस्व मंत्री के नाम प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है।

# ग्लोबल महोत्सव में दिखी देश विदेश के हर क्षेत्र की संस्कृति



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हैदराबाद के भाग्यनगर स्थित शिल्पकला वेदिका के विशाल प्रांगण में चार दिवसीय 21 से 24 नवंबर तक लोकमंथन के नाम से ऐसा ग्लोबल सांस्कृतिक महोत्सव हुआ। जिसमें देश-विदेश के हर क्षेत्र की संस्कृति देखने को मिली।

इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश, हैदराबाद, कर्नाटक, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड, मिजोरम, नागालैंड, असम, गुजरात, छत्तीसगढ़ के जनजातीय और लोक कलाकार अपनी कला के साथ वहां पूरी तैयारी से वहां उपस्थित थे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ से डॉ. पूनम संजू द्वारा बैगानी करमा व बैगा संस्कृति की विविधताओं पर अपने विचार रखे गए। छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध छायाचित्रकार सोनीजी, पद्मश्री अर्जुन धूवे अपनी गीतों की प्रस्तुति दी।

# नशीली दवाओं के खिलाफ होगा पुलिस और दवा विभाग का ज्वाइंट एक्शन, बड़े मामले एनसीबी तक जाएंगे

डिप्टी सीएम शर्मा और स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने ली संयुक्त बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश में लगातार बढ़ रहे नशीली दवाओं के कारोबार की रोकथाम के लिए पुलिस और औषधि विभाग संयुक्त अभियान चलाएगा। कार्यवाही के दौरान अगर बड़े मामले पकड़े जाते हैं, तो इसमें नारकोटिक्स की टीम को शामिल किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने महानदी भवन में दोनों विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली।

बैठक के दौरान पुलिस विभाग और औषधि विभाग की टीम द्वारा की गई कार्यवाही का ब्योरा दिया गया। इस दौरान दोनों ओर से नशीली दवाओं के मामले में कार्रवाई के आंकड़े सामने आए। दोनों मंत्रियों ने नशीली दवा के बढ़ते मामले को गंभीरता से लिया और इस पर सख्ती से रोकथाम के लिए कदम उठाने के निर्देश दिए।



सूत्रों के अनुसार अब पुलिस और औषधि विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाई जाएगी जो संयुक्त रूप से छापेमारी और दवा दुकानों की जांच का काम करेगी। इसके लिए स्थानीय निकायों के पदाधिकारियों का सहयोग लेने की भी बात कही है। कहीं नशे की दवाओं के बिक्री की सूचना मिलती है, तो दोनों विभाग की टीम एक साथ छापेमारी करेगी। मामला बड़ा होगा, तो इसकी जानकारी नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो को भी दी जाएगी।

### पकड़े गए दुकानदार तो सीधे एफआईआर

नशीली दवाओं के मामले में अगर किसी दवा कारोबारी की संलिप्तता सामने आती है, तो उसके खिलाफ सीधे एफआईआर होगी और गिरफ्तारी की कार्रवाई भी की जाएगी। इस दौरान यह बात भी सामने आई है कि नशीली दवाओं के कारोबार में किसी दवा व्यापारी की मिलीभगत बहुत कम है। ज्यादातर मामलों में दवा की सप्लाई दूसरे राज्यों से सीधे इस अनैतिक कारोबार से जुड़े लोगों को होती है। इन गतिविधियों पर भी विभाग को नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### इन अफसरों की मौजूदगी

दो विभागीय मंत्रियों की बैठक में अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुवा, प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास निहारिका बारीक, आयुक्त सह संचालक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ. प्रियंका शुक्ला, विशेष सचिव वित्त एवं सामान्य प्रशासन तथा नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन चंदन कुमार सहित पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# इभनान साहू ने स्पेशल ओलिंपिक एशिया पेसिफिक में किया नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के युवा खिलाड़ी इभनान साहू ने 18 से 23 नवंबर तक दिल्ली के त्यागराज स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में आयोजित स्पेशल ओलिंपिक एशिया पेसिफिक में कमाल का प्रदर्शन किया है। उन्होंने 10 बिन बॉलिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 पदक जीते। आर्टिज्म से पीड़ित युवा इभानन ने व्यक्तिगत श्रेणी में रजत पदक, मिश्रित श्रेणी में रजत पदक और युगल टीम श्रेणी में कांस्य पदक जीतकर भारत का नाम विश्व पटल पर रोशन किया है। होनहार

- 10 बिन बॉलिंग चैंपियनशिप में गजब का प्रदर्शन, 3 पदक जीते



युवा खिलाड़ी इभनान साहू के पिता डॉ. मनोज साहू और मां तेजश्री साहू ने मंगलवार को संयुक्त पत्रकारवार्ता में बताया कि अपने बेटे के शानदर प्रदर्शन पर उन्हें गर्व है। पत्रकारों से चर्चा में उन्होंने इभनान की जीत के सफर का अनुभव साझा करते हुए बताया कि उनके बेटे ने अपने बालिंग का अभ्यास रीबाउंस से किया, जानकारों के अनुसार यह छत्तीसगढ़ का एकमात्र अंतर्राष्ट्रीय मानक के अनुसार 60 फीट की बालिंग शैली है।

## खबर संक्षेप




### श्रम संहिता वापस लेने किया विरोध-प्रदर्शन

**रायपुर।** श्रम संहिता वापस लेने और किसानों से समर्थन मूल्य की गारंटी के कानून की मांग को लेकर केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच एवं संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा विरोध-प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन मंगलवार को डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा के पास किया गया। प्रदर्शन प्रदेश में भिलाई, कोरबा, रायगढ़, बिलासपुर, धमतरी, अंबिकापुर सहित प्रदेश के अन्य स्थानों में भी आयोजित किया गया। इस मौक पर सीटू के राज्य सचिव एमके नंदी, सीजीआईईए के महासचिव धर्मराज महापात्र, एसटीयूसी के सचिव एससी भट्टाचार्य, आरडीआईईयू के महासचिव सुरेंद्र शर्मा ने संबोधित करते हुए 4 वर्ष पूर्व किसान आंदोलन तथा सरकार के विभिन्न दमनात्मक कार्यवाहियों, श्रम कानूनों को लेबर कोड में बदलने का फैसला, किसानों की आय दुगनी करने का, ठेका प्रथा समाप्त कर नई भर्ती का, राशन प्रणाली को सार्वभौम बनाने, न्यूनतम वेतन 26 हजार करने, न्यूनतम पेंशन 10 हजार करने, ट्रेड यूनियनों के पंजीयन में रोड़ा पैदा करने वाली नीतियों सहित विभिन्न मांगों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। प्रदर्शन में सीटू नेता मारुति डोंगरे, सुभाष साहू, सूरज दीप, मसूद अंसारी, आरिफ दहिया, कौशल ईश्वर सेन सहित अनेक साथी उपस्थित थे।

### मंत्री राजवाड़े भी अब नवा रायपुर में, किया गृह प्रवेश

**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने नवा रायपुर स्थित नवनिर्मित शासकीय आवास में अपने परिजनों के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कर गृह प्रवेश किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंत्री श्रीमती राजवाड़े को उनके नए आवास में प्रवेश के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। गृह प्रवेश समारोह में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक एवं पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर, किरण देव, इंद्र कुमार साहू, धर्मजीत सिंह, पुरंदर मिश्रा, योगेश्वर राजू सिन्हा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती राजवाड़े को अपनी शुभकामनाएं और बधाई दी।

### गोसेवा आयोग के अध्यक्ष बने विशेषर

**रायपुर।** राज्य सरकार ने विशेषर सिंह पटेल को राज्य गोसेवा आयोग का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। पशुधन विकास विभाग ने इसके आदेश जारी कर दिए हैं। विशेषर पटेल कबीरधाम जिले से हैं। यह नियुक्ति छत्तीसगढ़ के पशुपालन और गोसेवा के क्षेत्र में नए बदलाव और विकास की दिशा में काम करने के लिए किया गया है।

### जिले में 13 हजार 72 टन धान की हुई खरीदी

**रायपुर।** समर्थन मूल्य पर रायपुर जिले में मंगलवार को 13 हजार 72 टन धान की खरीदी की गई। इस तरह जिले में अब तक 139 उपार्जन केन्द्रों में 19 हजार 190 किसानों से 78 हजार 852 टन धान की खरीदी हुई है।

# आईआरसीटीसी प्लांट बंद! अब ट्रेन और प्लेटफार्म में भुवनेश्वर, जबलपुर, नागपुर से आएगा रेल नीर

## एक दिसंबर से सिरगिट्टी से रेल नीर का बोतल प्लांट हो रहा बंद, अब तीन जगहों से पहुंचेगा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिलासपुर के सिरगिट्टी में आईआरसीटीसी के रेल नीर पानी बोतल का प्लांट 1 दिसंबर से बंद होने वाला है, लेकिन इससे यात्रियों को कोई असुविधा नहीं होगी। इसके लिए अब वैकल्पिक सुविधा बनाई गई है। अब भुवनेश्वर, जबलपुर और नागपुर के प्लांट से रेल नीर का पानी ट्रेनों और स्टेशनों में बेचने के लिए आएगा। जोन के वरिष्ठ अधिकरी ने बताया कि प्लांट बंद होने से लोकल और दूसरे ब्रांड के पानी बेचने वाली कंपनियों का पानी नहीं बेचा जाएगा। आईआरसीटीसी जल्द प्लांट को शुरू करने की तैयारी में जुट गया है।



### यात्रियों का भी रेल नीर पर विश्वास अधिक

*ट्रेनों में पानी के मामले में ज्यादातर यात्री रेल नीर की बोतल ही खरीदते हैं। इस वजह से इसकी मांग भी जोन के साथ देशभर में अधिक है। इसीलिए रेलवे भुवनेश्वर, जबलपुर और नागपुर की कमी दूर करेगा। प्लांट क्यों बंद किया जा रहा, इस बारे में आईआरसीटीसी के क्षेत्रीय प्रबंधक, डीजीएम से लेकर अन्य अफसरों ने भी चुप्पी साध ली है। ट्रेनों में सिर्फ पानी का कारोबार करोड़ों में है। इसके बावजूद आईआरसीटीसी का रेल नीर प्लांट स्थापना के सातवें साल में ही दम तोड़ता नजर आ रहा है। वैसे तो यह प्लांट जब से लगा है, उत्पादन और सप्लाई को लेकर इसमें विवाद रहा है। सप्लाई ठेके को लेकर कई बार टेंडर किया गया, लेकिन कोई स्पष्ट रिजल्ट निकलकर नहीं आया।*

बता दें कि 7 साल पहले 10 करोड़ रुपए से सिरगिट्टी में आईआरसीटीसी के द्वारा रेल नीर पानी बोतल प्लांट स्थापित किया गया था। इस प्लांट को 1 दिसंबर से बंद करने की तैयारी चल रही है। इसका संचालन करने वाली कोलकाता की ठेका कंपनी ने 15 दिन पहले इसे लेकर आईआरसीटीसी के अफसरों को चिट्ठी लिख दी है। हालांकि अफसर स्पष्ट नहीं बता रहे हैं कि प्लांट स्थायी रूप से बंद होगा या अस्थायी। वे सिर्फ यही बता रहे हैं कि 30 नवंबर के बाद प्लांट बंद हो जाएगा, लेकिन इसकी वजह नहीं बता पा रहे। ऐसे में कर्मचारियों के सामने असमंजस की स्थिति निर्मित हो गई है।


## मीटर नहीं लगवाने वालों को मिलेगा नोटिस, समय देंगे

# 24 घंटे पानी आपूर्ति के लिए वाटर मीटर जरूरी, नि:शुल्क लगाकर दे रहे मीटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर शहर के 15 वार्डों में 24 घंटे पीने का साफ पानी मिलेगा। इसके लिए स्वचालित वाटर मीटर लगवाना जरूरी है। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड से अनुबंधित एजेंसी चयनित इलाकों में नि:शुल्क वाटर मीटर लगाकर दे रही है। अब तक 13 हजार से अधिक घरों में आधुनिक तकनीक से लैस स्वचालित वाटर मीटर लगाने का काम पूरा हो गया है, जबकि 7 हजार घर व दुकान में वाटर मीटर लगना बाकी है। जल आपूर्ति का पुराना सिस्टम बंद कर नए सिस्टम से इन वार्डों में 24 घंटे साफ पानी की आपूर्ति से पहले ट्रायल चल रहा है। मीटर नहीं लगवाने वालों को नोटिस देकर वाटर मीटर लगाने समय दिया जाएगा।

- 13 हजार से अधिक घरों में लगा दिए स्वचालित वाटर मीटर, 7 हजार घरों, दुकानों में मीटर लगना बाकी



### सदर, पुरानी बस्ती, स्टेशनरोड, जोरा पारा, बूढ़ापारा के कुछ इलाकों मीटर लगवाने से हिचक रहे लोग

*रायपुर स्मार्ट लिमिटेड के पॉयलट प्रोजेक्ट में मोतीबाग और गंज पानी टंकी को कमांड एरिया मानते हुए 164 किलोमीटर के दायरे में नई पाइप लाइन बिछाई गई है। साथ ही 24 घंटे पानी पहुंचाने इंटरकनेक्शन दिया गया है। लोगों के यहां अनुबंधित एजेंसी नि:शुल्क आधुनिक वाटर मीटर लगा रही है। सूत्रों के मुताबिक सदरबाजार, स्टेशन रोड, जोरापारा, बूढ़ापारा के कुछ अन्य इलाकों में लोग अपने घरों व दुकानों में नए वाटर मीटर लगवाने से हिचक रहे हैं। अधिकारियों का कहना है, नए सिस्टम का ट्रायल शुरू हो गया है, कुछ दिनों बाद पुराना सिस्टम बंद कर संबंधित एरिया में नए सिस्टम से जल आपूर्ति की जाएगी। इसके लिए वाटर मीटर होना जरूरी है, ताकि पानी की खपत के आधार पर जल शुल्क लिया जा सके। हालांकि अभी जल शुल्क का टेरिफ तय होना बाकी है।*

**वार्डवाइज वाटर मीटर इंस्टालेशन की स्थिति**

| वार्ड का नाम | लगाए गए | बाकी |
|---|---|---|
| महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड | 1,262 | 138 |
| महामाया मंदिर वार्ड | 1,551 | 626 |
| सिविल लाइन वार्ड | 361 | 71 |
| मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड | 2,127 | 792 |
| शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड | 430 | 124 |
| इंदिरा गांधी वार्ड | 1,097 | 1,639 |
| हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड | 1,026 | 797 |
| तात्यापारा वार्ड | 1,947 | 331 |
| रमण मंदिर वार्ड | 143 | 96 |
| शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड | 164 | 90 |
| ब्राम्हणपारा वार्ड | 700 | 322 |
| स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड | 1,608 | 1,282 |
| राजीव गांधी वार्ड | 731 | 566 |

### वाटर मीटर लगाना जरूरी

24 घंटे जल आपूर्ति प्रोजेक्ट के तहत संबंधित वार्ड में नए वाटर मीटर अनुबंधित एजेंसी नि:शुल्क लगाकर दे रही है। इसके बाद भी कुछ लोग वाटर मीटर नहीं लगवा रहे हैं। पुराना सिस्टम बंद कर नया सिस्टम शुरू होगा। इसीलिए असुविधा से बचने समय रहते घरों व दुकानों में वाटर मीटर लगवा लें।

- **पंकज पंचायती,** अतिरिक्त महाप्रबंधक तकनीकी, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड

# शहरभर में 15 हजार होर्डिंग्स नगर निगम के रिकार्ड में 7 हजार, बनेगी नई पॉलिसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहरभर में 15 हजार होर्डिंग्स अलग-अलग जगहों पर विज्ञापन एजेंसियों ने प्रचार-प्रसार के लिए लगाए हैं, लेकिन नगर निगम के रिकार्ड में केवल 7 हजार होर्डिंग्स दर्ज हैं। 8 हजार नए पुराने-होर्डिंग्स ऐसे हैं, जिनके बारे में अभी तक नगर निवेश विभाग को पता ही नहीं है। शहरभर में कराए गए जियो टैगिंग सर्वे में यह बात सामने आई। अब निगम प्रशासन इन छूटे हुए 8 हजार होर्डिंग्स का किराया वसूलने की तैयारी में है। वहीं निगम की आर्थिक हालत सुधारने शहर के लिए नई होर्डिंग्स पालिसी बनाने का खाका तैयार किया जा रहा है।

दरअसल तंगहाली में चल रहा रायपुर नगर निगम इस बार राजस्व वसूली को लेकर 500 करोड़ का टार्गेट लेकर चल रहा है, जिसमें मुख्य रूप से शहरभर में डेढ़ लाख ऐसे प्रॉपर्टी होल्डर का सर्वे कर उन्हें कर के दायरे में लाने जुटा हुआ है। इसके लिए राजस्व महकमे को 15 दिन का समय दिया गया। नगर निगम के दस जोन में स्थित 70 वार्डों में इन प्रॉपर्टियों को अब तक संपत्ति कर के दायरे में नहीं लाने से एकमुश्त राजस्व का घाटा हो रहा है।




इसी तरह अमृत मिशन के तहत शहरभर में नई पाइपलाइन बिछाने के बाद नए नल कनेक्शन धारियों से जल शुल्क की वसूली सहित अवैध नल कनेक्शन का सर्वे कराकर संबंधित करदाता से एक तय शुल्क लेकर नियमितीकरण करने संबंधी योजना शामिल है। नगर निगम के अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल के मुताबिक, शहर में बिना अनुमति लगाए गए होर्डिंग्स को चिन्हांकित करने और नए होर्डिंग्स का सर्वे कर संबंधित विज्ञापन एजेंसियों से निर्धारित शुल्क वसूली की जाएगी। इसके लिए शहर में जियो टैग सर्वे कराया गया है। इसमें यह पता चला है कि शहरभर में 15 हजार होर्डिंग्स शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में लगाए गए हैं। इनकी पहचान कर नियमानुसार होर्डिंग्स किराया की वसूली की जाएगी।

# नवनियुक्त 135 आवास मित्रों को मिला प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




जिला पंचायत के सभागार में बुधवार को पीएम आवास योजना अंतर्गत 135 नवनियुक्त आवास मित्रें का प्रशिक्षण कलेक्टर दीपक सोनी एवं जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण में कलेक्टर सोनी ने सभी नवनियुक्त आवास मित्रें को शुभकामनाएं देते हुए उनसे सरकार एवं प्रशासन की अपेक्षाओं के बारे में अवगत कराया। उन्होने ने कहा फील्ड में जाकर हितग्राहियों को शीघ्र आवास बनाने प्रेरित करें।उन्हें कोई भी तकलीफ हो तो उनका उचित समाधान के बारे में जानकारी आप सभी को बताएंगे। हितग्राहियों के जितना शीघ्र मकान बनकर तैयार होगा उतना ही वे पीएम आवास योजना लाभांवित होंगे और यही सरकार का मुख्य उद्देश्य है। इसके साथ ही आप सभी अपने व्यवहार में शालीनता का प्रदर्शन करेंगे। किसी भी स्थिती में अनुशासन हीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल ने भी पीएम आवास योजना के बारे विस्तृत जानकारी आवास मित्रे को दी है। उक्त प्रशिक्षण में उन्हें पीएम आवास की टेक्निकल जानकारी, किश्तों का आवंटन, कार्य प्रणाली,हमारा योगदान, जिला प्रशासन द्वारा तैयार मोबाईल एप्लिकेश सहित हितग्राहियों को प्रेरित करने के तरीके, नरेगा एवं एसबीएम के योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। उक्त मौके पर एपीओ नरेगा के के साहू,आवास जिला समन्वयक शैलेन्द्र भार्गव सहित सभी बीसी एवं आवास मित्र शमिल है।

# स्ट्रीट डॉग की मौत का मामला थाने पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के रावांभाटा क्षेत्र में एक स्ट्रीट डॉग की मौत का मामला थाने पहुंच गया है। इस मामले में जय छत्तीसगढ़ ऑल एनिमल लव एंड केयर फाउंडेशन के कार्यकर्ता ने एक फैक्ट्री और उसके कर्मचारियों पर डॉग की निर्दयता से हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए शिकायत की है। इस शिकायत के बाद पुलिस ने डॉग का पोस्टमार्टम कराया है, जिसकी रिपोर्ट आने का इंतजार किया जा रहा है। खमतराई पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रावांभाटा इलाके में एक स्ट्रीट डॉग की मौत को लेकर जय छत्तीसगढ़ ऑल एनिमल लव एंड केयर फाउंडेशन के कार्यकर्ता मुकेश चंद कुमार ने थाने में शिकायत की है कि डॉग की मौत के लिए एक निजी फैक्ट्री मालिक और उसके कर्मचारी दोषी हैं।




राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130



## खबर संक्षेप

### एसडीएम ने किया चार पटवारियों का तबादला

**सिमगा।** अनुविभागीय कार्यालय राजस्व विभाग सिमगा से 25 नवंबर को जारी आदेशानुसार एसडीएम अंशुल वर्मा ने प्रशासनिक –ष्टि कोण से तहसील के चार पटवारीयों का स्थानांतरण किया है। जिनमें मिलन दास कोसले प.ह.नं. चौरेंगा, के साथ प.ह.नं. 22 हथबंद सीतापार को नवीन पदस्थापना हथबंद सीतापार, चंद्र प्रकाश को प.ह.नं.09 को चौरेंगा मनोहरा, वर्षा मिरचण्डे प.ह.नं. कामता,घुघवाडीह, नवागांव,भोथीडीह, के साथ प.ह.नं. 17 पौंसरी, दुलदुला को प.ह.नं. 19 झिरीया, केसदा, तथा प.ह.नं. 20 रिंगनी, डोंगरिया, उत्तरा वर्मा प.ह.नं. 19 झिरीया, केसदा व प.ह.नं. 20 रिंगनी, डोंगररिया को प.ह.नं. 18 कामता, घुघवाडीह, नवागांव, भोथीडीह, के साथ प.ह.नं. 17 पौंसरी, दुलदुला का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

### मंत्री वर्मा जर्वे के विकास कार्यों का करेंगे लोकापर्ण

**संडी बंगला ।** ग्राम पंचायत जर्वे में विकास कायोंर् का लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा, अध्यक्षता पूर्व विधान सभा अध्यक्ष गौरी शंकर अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि सांसद कमलेश जांगड़े, खोड़स राम कश्यप केंद्रीय अध्यक्ष छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज, तेज राम वर्मा जिला उपाध्यक्ष बीजेपी, सुमित्र घृतलहरे जिला पंचायत सदस्य, राम खिलावन वर्मा राज प्रधान,महेंद्र साहू बीजेपी मंडल अध्यक्ष, टीकेश्वरी नरेश वर्मा जनपद सदस्य के आतिथ्य में 28 नवंबर को दोपहर दो बजे सम्पन्न होगा ,उक्त जानकारी सरपंच मुन्नी ओम प्रकाश वर्मा,उप सरपंच तरुण वर्मा, सचिव सरिता वर्मा ने दी ।

### विशेषर बने राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा वि"ाशर सिंह पटेल को राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर सर्व पटेल समाज ने बधाई दी है। इस नियुक्ति के लिए पटेल समाज ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है। श्री पटेल पूर्व में भी राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष रह चुके है। अपने कार्यकाल में पशु धन को बढावा देने एवं संरक्षण देने के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया था। श्री पटेल के नियुक्ति पर बीआर पटेल, टीके"वरी पटेल, डा. भागचंद पटेल, मनोज पटेल, एनपी पटेल, रामकुमार पटेल, डा. रामचंद पटेल, पूर्व रघुनाथ पटेल, डा. राधे"याम पटेल, रामाधार पटेल, हेमंत पटेल, मुरली मनोहर पटेल, शिवकुमार पटेल, हिरमेंन्द्र पटेल, भूपेन्द्र पटेल, दीपक पटेल, घन"याम पटेल, शंकर दयाल पटेल, पोशण पटेल,जगदीश पटेल, सहकारी समिति अध्यक्ष संतोश पटेल, सुधराम पटेल, नागे"वर पटेल, धमेन्द्र पटेल विनोद पटेल, आदि ने बधाई दी है।

### बचाने के प्रयास में पलटा वाहन, दो मृत

**महासमुंद।** सड़क हादसे में पटेवा थाना अंतर्गत मंगलवार रात एनएच 53 पर दो लोगों की मौत हो गई और दो घायल हो गए। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लेकर मृतकों के शव को पीएम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी विनोद कश्यप ने बताया कि मंगलवार रात साढ़े 10 बजे एक ट्रैक्टर ट्राली झलप से मकान सेट्रिंग का सामान लेकर पतेरापाली जा रही थी, तभी एनएच 53 पर रायतुम के पास बाइक सवार को बचाने के प्रयास में ट्रैक्टर चालक का नियंत्रण वाहन से हट गया।

## खेल प्रतिभा : तीरंदाजी में अपने हुनर दिखाते आदिवासी बच्चे

# आदिवासी बच्चों को तीरंदाजी खेल में हुनर दिखाने मिल रहा भरपूर अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

**खेलों इंडिया तीरंदाजी सेंटर में जिले के कई खिलाड़ी ले रहे प्रशिक्षण**

भारत सरकार की योजना अन्तर्गत खेलों इंडिया लघु केंद्र का संचालन तीरंदाजी खेल में खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद द्वारा एकलव्य आदर्श मॉडर्न आवासीय विद्यालय भोरिंग में नियमित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें तीरंदाजी प्रशिक्षक एवन कुमार साहू (राष्ट्रीय खिलाड़ी) बागबाहरा द्वारा विगत दो वर्षों से प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण में शामिल होने आसपास के खिलाड़ियों के साथ जिलेभर के बच्चें शामिल हो रहे हैं, जो एकलव्य आवासीय विद्यालय एवं स्थानीय विद्यालयों में अध्ययन कर रहे हैं। तीरंदाजी खेल को आगे बढ़ाने व संचालित करने के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराया गया हैं। जिसमें प्रतिदिन सुबह-शाम खिलाड़ियों को अपने हुनर दिखाने का मौका मिल रहा है। जिले के विभिन्न ग्राम/ग्राम पंचायतों से लेकर शहरी क्षेत्रों से खिलाड़ी अभ्यास करने शामिल हो रहे हैं। जिले में तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन जिला,



संभाग स्तरीय, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन भोरिंग में किया जा चुका हैं। तीरंदाज़ी खेल को आगे बढ़ाने में जिला प्रशासन का अहम योगदान है। विभागों के आपसी समन्वय से तीरंदाजी खेल में जिले के खिलाड़ियों ने राज्य एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीतने में सफल रहे हैं। राज्य स्तरीय जूनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता बागबाहरा में लघु केंद्र के 17 खिलाड़ियों की भागीदारी रहीं। राज्य स्तरीय एकलव्य आवासीय विद्यालय भोरिंग की खेल प्रतियोगिता में 16 खिलाड़ी शामिल होकर 8 पदक जीतने में सफल रहे। संभाग स्तरीय एकलव्य विद्यालय की तीरंदाजी प्रतियोगिता राजनांदगांव में 12 खिलाड़ी शामिल होकर 12 पदक जीतने में सफल रहे। जिसमे 6 स्वर्ण पदक, 4 रजत पदक व 2 कांस्य पदक जीतने में सफल रहे। स्कूल नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में देविका यादव ने प्रदेश की टीम से प्रतिनिधित्व किया। महासमुंद जिले के खिलाड़ियों ने अपने हुनर और खेल प्रतिभा को दिखाते हुए आवासीय खेल अकादमी में चयनित होकर वर्तमान में रायपुर, बिलासपुर जैसे शहरों में शासन द्वारा संचालित निःशुल्क आवासीय केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। रायपुर आवासीय खेल अकादमी में जिले की देविका साहू, लक्ष्मी साहू, दिलेश्वरी साहू, अबीर पांडे एवं खेलों इंडिया एक्सीलेंसी सेंटर बेहतराई बिलासपुर में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों में डोमेश्वरी साहू, यामिनी धीवर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। जिले के उपलब्धि प्राप्त खिलाड़ियों में कांत जगत बाराडोली बसना, चंदन सिदार रेमडा पिथौरा, मनीषा ध्रुव सोनासिल्ली पिथौरा, जयंत ठाकुर महासमुंद, उमेश बरिहा जबलपुर सरायपाली, टुकेश कमार बनसिवनी महासमुंद, लीना नेताम परसाड़ीह महासमुंद, सीमा चिपरीकोना बसना, दिव्या कमार बनसिवनी, दिगंबर नेताम बसना, देवव्रत दीवान घोंच पिथौरा, अश्मि निधि नाग बरिहापाली बसना, पुष्कर ठाकुर केसकेरा बागबाहरा, कुमुदिनी दीवान ठाकुरदिया पिथौरा, लिलिमा नाग बरिहापाली बसना, योगेश नाग खरोरा बसना, नमन मांझी कुदारीबाहरा बसना, कामना ध्रुव बीकेबाहरा बागबाहरा, मनीष सिदार रेमडा पिथौरा, राहुल धीवर तुमगांव, नीलम साहू भोरिंग, वैनिका साहू भोरिग, हुमेश्वरी साहू, टिकेश्वरी साहू, दुर्गेशवरी साहू, शुभम पाठक सभी भोरिंग, केदारनाथ तुमगांव, देविका यादव तुमगांव महासमुंद के खिलाड़ी शामिल हैं।

## सीमेंट प्लांट में श्रमिक की मौत पर 22 लाख का दिया मुआवजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

ग्राम खपराडीह स्थित सीमेंट प्लांट में बुधवार रात हुए एक हादसे में एक श्रमिक की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मृतक अशोक सिंह 36 वर्ष ग्राम चंदूवार जिला अनुपपुर मध्यप्रदेश का निवासी था। तथा उक्त सीमेंट प्लांट में कार्यरत तरूण कंशट्रक्शन कंपनी में काम करता था। बताया जाता है कि घटना के वक्त सीमेंट प्लांट के निर्माणाधीन प्लाईएस सेलो में काम करने के दौरान उंचाई से नीचे गिर जाने के कारण सिर पर लगी गंभीर चोंट की वजह से उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही सुहेला थाना प्रभारी टीम के साथ घटना स्थल पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। वहीं घटना के पश्चात संयंत्र प्रबंधन की उपस्थिति में कार्यरत ठेकदार कंपनी व श्रमिक युनियन के पदाधिकारियों तथा मृतक के परिजनो के मध्य हुए समझौते के अनुसार मृतक के परिजनो को 22 लाख रूपये मुआवजा की राशि दिये जाने की सहमति प्रदान की गई। हादसे के कारणो के मामले पर खुलासा नही हो पाया है। पुलिस तथा कारखाना निरीक्षक द्वारा हादसे के कारणो के बारे में पतासाजी जारी रखी गई है।

## संविधान दिवस पर छात्रों ने उठाई शपथ



हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन

शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय अहिल्दा में मंगलवार को संविधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों को संविधान दिवस पर संविधान की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया गया। प्रधानपाठक अरविंद मिश्र ने संविधान की अनुच्छेदों के बारे में बच्चों को बताते हुए संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। इस अवसर पर सुनील कुमार सोनवानी ,शिक्षिका शालिनी बाजपेई, ईश्वर दास सहित सभी शिक्षक,शिक्षिका और शाला के समस्त छात्र–छात्रएं उपस्थित थे।

## 200 लीटर शराब, दो हजार किलो लहान किया बरामद

**बलौदाबाजार।** जिले में अवैध शराब निर्माण,भंडारण एवं परिवहन पर आबकारी विभाग एवं संभागीय उड़नदस्ता टीम कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर संयुक्त कार्यवाही की जा रही है। बुधवार को ग्राम घटमड़वा डेरा में टीम द्वारा मौके पर 2 प्लास्टिक पॉलिथीन में भरी हुई 100–100 जीटर की कुल 200 लीटर हाथबट्ठी महुआ शराब तथा 50 प्लास्टिक की बोरियों में भरी 50–50 किलोग्राम की कुल 2000 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त कर प्रकरण दर्ज किया गया। महुआ लाहन को सैपल लेकर नष्टीकरण किया गया। उक्त कार्रवाई में अज्ञात आरोपियों के विरूध्द छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(च), 34 (2), 59 (क) का प्रकरण दर्ज कर विवेचना



की जा रही है। कार्रवाई के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक मोतिन बंजारे, आबकारी मुख्य आरक्षक सूर्यकांत वर्मा, आरक्षक विजय वर्मा,महेश साहू, जयप्रकाश बांधे,नगर सैनिक दुर्गेशवरी कुर्रे की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उक्त जानकारी जिला आबकारी अधिकारी गजेन्द्र कुमार सिंह के द्वारा दी गई है। उन्होंने साथ ही कहा की आगे भी अवैध मदिरा परिवहन,धारण चौर्यनयन के विरूद्ध कार्यवाही जारी रहेगी।

## मितानिनों का शाल और श्रीफल से किया स्वागत




हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

ग्राम पंचायत भद्रापाली में सोमवार को ग्राम पंचायत भवन में मितानिन कार्यकर्ताओं का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं श्रीफल तोड़कर किया गया। इस अवसर सरपंच रामलाल धुरव उपसरपंच रूपेंद्र कुमार वर्मा द्वारा मितानिनों को साड़ी एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच रामलाल धुरव उपसरपंच रूपेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि समाज के हर वर्ग में हर घर तक पहुंच कर परिवार के एक–एक व्यक्ति को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने एवं खासकर महिलाओं के प्रसुति तक उनके हर कदम पर उनके साथ देने वाले शासन की हर योजनाओं को एक–एक व्यक्ति तक पहुंचाने वाले इन मितानिनों को उनके कार्य अनुरूप सम्मान नहीं मिल पाता। इनके पास कार्यभार अधिक होता है फिर भी वह अपने जिम्मेदारी का निर्वहन ईमानदारी से करते हैं। इस दौरान सचिव भूषण वर्मा रोजगार सहायक गोपीचंद पटेल पंचगण टीकम साहू सोहन साहू राजकुमार ध्रुव ओना वर्मा संतोषी वर्मा तारणी वैष्णव मोंगरा साहू रमा वर्मा सुनीता ध्रुव उषा साहू दुर्गेश वर्मा मितानिन ट्रेनर चित्ररेखा साहू मितानिन किरण वर्मा सुनीता वर्मा मिलन रजक भारती रजक नेहा ध्रुव एवम् दुर्गेश्वरी साहू उपस्थित थे।

## फिल्म द साबरमती रिपोर्ट- सच्चाई को करता है उजागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने बुधवार को पत्रकारों एवं क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बहुचर्चित फ़िल्मि ' द साबरमती रिपोर्ट' नगर के सिटी सेंटर मॉल में देखी। फिल्म देखने के बाद शिवरतन शर्मा ने कहा कि मैं द साबरमती रिपोर्ट की पूरी टीम को बधाई देता हूं जिन्होंने इस वास्तविक सच को देश की जनता के सामने फिल्म के माध्यम से बाहर लाने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि हर भारतवासी को द साबरमती रिपोर्ट फिल्म को देखनी चाहिए और गोधरा का सच के नजदीक जाने का प्रयास करना चाहिए। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा देश के खिलाफ और सरकारों के खिलाफ राजनीतिक अस्थिरता पैदा करने के लिए समाज में वैमनस्यता पैदा करने के लिए देश में जो कृत्य हुए हैं उसे देश की जनता को जानने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि जो राजनीतिक स्वार्थ के लिए देश के खिलाफ षड्यंत्र कर रहे हैं उन चेहरों को पहचानने के साथ-साथ



उनका पर्दाफाश करने की भी आवश्यकता है। शिवरतन शर्मा ने कहा कि फिल्म की टीम ने सत्य उजाकर करने के लिए अपने दायित्वों का निर्वहन किया है।

फिल्म के माध्यम से वास्तविक सच को एक बड़े रूप में देश के सामने लाने का प्रयास किया गया है। शिवरतन शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने द साबरमती रिपोर्ट फिल्म को छत्तीसगढ़ में कर-मुक्त (टैक्स फ्री) करने का सार्थक निर्णय लिया है। शिवरतन शर्मा ने कहा कि यह फिल्म इतिहास के उस भयावह काल-खंड को यथार्थ रूप में दर्शाती है, जिसे कुछ स्वार्थी तत्वों ने अपने निहित स्वार्थों की पूर्ति के लिए विकृत करने का कुत्सित प्रयास किया।

## सहकारी समिति अर्जुनी के प्राधिकृत बने जवाहरलाल

**अर्जुनी।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति अर्जुनी पंजीयन क्रमांक 377 में 27 नवंबर को धान उपार्जन केंद्र अर्जुनी परिसर में प्राधिकृत अधिकारी जवाहरलाल वर्मा को प्रभारी समिति प्रबंधक मुक्तानंद वर्मा ने प्रमाण पत्र देकर पदभार ग्रहण कराया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र को पूजा अर्चना कर श्री फलतोड़कर किया गया जवाहरलाल वर्मा ने



कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने मुझ पर जो विश्वास जताया है उसे मैं जिम्मेदारी पूर्वक निभाऊंगा एवं किसान कर्मचारियों के हित में कार्य करूंगा। ईशान वैष्णव जनपद उपाध्यक्ष ने कहा कि सही हकदार को सही फल मिला है अर्जुनी समिति सुरक्षित हाथ में है सबसे प्रबल किसान के हाथ में है किसान के पीड़ा को समझने वालों को ही भाजपा पार्टी ने अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस कार्यक्रम में ईशान वैष्णव जनपद उपाध्यक्ष बलौदा बाजार ग्रामीण मंडल अध्यक्ष डोमन वर्मा प्रमोद जैन डमरू धर वर्मा प्रेमचंद वर्मा राधेश्याम वर्मा भगवती वर्मा शंकर लाल रजक सुरेंद्र वर्मा रतन वर्मा संतोष वर्मा हरिश्चंद्र समिति प्रबंधक मुक्तानंद वर्मा रामेश्वरी वर्मा चंद्रशेखर वर्मा अमिता यादव तोमेश वर्मा संजय रजक धनेश्वर साहू कलाराम यादव तथा कृषक उपस्थित थे

## लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ चलाया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

महिलाओं के विरूद्ध हिंसा उन्मूलन जागरूकता अभियान कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर 25 नवंबर से 10 दिसम्बर तक 16 दिवसीय सक्रियता अभियान के रूप में लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब), नवा बिहान एवं जिला बाल संरक्षण इकाई बलौदाबाजार द्वारा लिंग आधारित हिंसा के प्रति जागरूकता कार्यक्रम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बल्दाछार एवं स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय बोरसी बोरसी में आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारों एवं उनके हितों के प्रति जागरूकता बढ़ाने जैसे बाल विवाह, कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न एवं घरेलू हिंसा की रोकथाम, महिला उत्पीड़न इलेक्ट्रॉनिक शिकायत पोर्टल सी बॉक्स के बारे में जागरूकता, सोशल मीडिया पर पोस्ट, इंफोग्राफिक्स के माध्यम से पास्को, डीव्ही एक्ट, मिशन शक्ति अंतर्गत वन स्टॉप सेंटर तथा



आपातकालीन सेवाएं,महिला हेल्प लाईन नम्बर 181, चाईल्ड लाईन 1098 के बारे में विस्तृत जानकारी एवं हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। उक्त जागरूकता अभियान में महिला संरक्षण अधिकारी सुश्री मंजू तिवारी, महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) जिला मिशन समन्वयक श्रीमती प्रीति नवरत्न, श्रीमती सरिता जांगड़े जेण्डर विशेषज्ञ, शहनवाज खान सामाजिक कार्यकर्ता, आउटरीच वर्कर भागीरथी सिदार उपस्थित थे।

## सड़क हादसे में घायल कुनाल की हुई मौत

**मुड़पार सरसीवां।** गत दिनो ग्राम मुड़पार के समीप घटित सड़क हादसे में गंभीर घायल कुनाल ने 16 दिनो मौत से संघर्ष करने के पश्चात अंततः दम तोड़ दिया। 26 नवंबर को कुनाल का पार्थिव शरीर गांव



लाये जाने पर ग्रामवासियों का श्रद्धांजली देने हेतु तांता लग गया। तथा मुक्तिधाम में अंत्येष्ठ किये जाने के दौरान बड़ी संख्या में नाते रिश्तेदार सहित ग्रामवासी मौजूद थे।


**पाठक सूचना**

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468


# विष्णुदेव सरकार में योजनाओं के लाभ से श्रमिकों का भरोसा लौटा : शिवरतन शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने बुधवार को कृषि उपज मंडी भाटापारा के पास शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना अंतर्गत निर्माण, संगठित एवं असंगठित वर्ग के श्रमिकों के लिए 05 रूपए में भरपेट भोजन की व्यवस्था हेतु दाल-भात केंद्र का शुभारंभ किया। इस दौरान शिवरतन शर्मा ने स्वयं भी श्रमिकों के बीच जाकर भोजन किया।

उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा ने इस अवसर पर विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि श्रम विभाग से जुड़े कुल तीन मंडल अंतर्गत 72



योजनाएं संचालित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी योजनाओं में हितग्राहियों को सामग्री प्रदान करने की बजाय सीधे उनके खाते में राशि देने की पहल किया है। इससे हितग्राही को सीधा लाभ पहुंचता है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के द्वारा गरीबों के कल्याण के लिए कार्य किया जा रहा है। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि श्रम विभाग की योजना श्रमिकों के लिए है, छत्तीसगढ़ का कोई भी श्रमिक योजनाओं से वंचित न रहे, उन्हें लाभ जरूर मिले। कृषि उपज मंडी के पास दाल-भात केंद्र का शुभारंभ करते हुए शिवरतन शर्मा ने कहा कि इस योजना के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रयास से गरीब मजदूरों को किफायती दर में दाल-भात केंद्र से भोजन प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महतारी वंदन योजना के माध्यम से सभी महिलाओं को साल के 12 हजार रूपए का लाभ मिलने, किसानों को 3100 रूपए समर्थन मूल्य तथा तेंदूपत्ता संग्राहकों को 5500 रूपए मानक बोरा सहित अन्य योजनाओं से लाभान्वित करने का प्रयास किया जा रहा है। उक्त अवसर पर राकेश तिवारी, सुनील यदु, योगेश अंनत, महाबल बघेल, राजा कामनानी,पुरुषोत्तम यदु, उमाशंकर वर्मा, सतीश साहू, मुकेश साहू, मो.हारून, नारायण साहू, चेतन वर्मा, आयशा खान, मधु सोनी, ऋतु यादव, सहित श्रम विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं श्रमिक और आम नागरिकगण उपस्थित थे।


online Booking:-www.tripuryatra.com



Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour

By Train-रिजर्वेशन कोच
20 दिसंबर से 01 जनवरी 2025, 10 जनवरी से 22 जनवरी 2025
21 फरवरी से 05 मार्च 2025, 07 मार्च से 19 मार्च 2025,
11 अप्रैल से 23 अप्रैल 2025

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा

जनकपुर(सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर,गोरखनाथ मंदिर, अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ)

राशिः-स्लीपर 18500/- 3 एसी 25,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)

Jai Mata Di — Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411